**श्री टी0एन0 तिवारी, अपर सचिव एवं प्रथम अपील प्राधिकारी के समक्ष**

(सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19 के अधीन)

**विधि और न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग,**

**कमरा सं0 409, "ए" विंग,**

**शास्त्री भवन, नई दिल्ली -110001**

******

अपील सं. 21 (550)/2015-आईसी दिनांक: 23.07.2015

के मामले में :

श्री सतपाल,
अध्यक्ष,
पठानकोट जिला डिपो होल्डर वेलफेयर सोसायटी,
दुकान सं0 412, बस स्टैंड के सामने, गुरुदासपुर रोड,
पठानकोट- 145001 ........ अपीलार्थी

बनाम

केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी,
विधि और न्याय मंत्रालय,
विधि कार्य विभाग,
शास्त्री भवन,नई दिल्ली .......... प्रत्यर्थी

**आदेश**

**23.07.2015**

अपीलार्थी-आवेदक ने सूचना के अधिकार अधिनियम के अधीन अपने दिनांक 25.05.2015 के आवेदन के तहत राज्य सरकारों द्वारा केंद्रीय सरकार की योजनाओं को कथित तौर पर कार्यान्वित नहीं किए जाने पर इस कार्यालय अर्थात विधि कार्य विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय की ओर से विधिक निदेश /अनुदेश दिए जाने के संबंध में 3 बिंदुओं पर सूचना मांगी थी और प्रत्यर्थी-केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी ने मांगी गई सूचना उनके दिनांक 11.06.2015 के पत्र द्वारा अपीलार्थी-आवेदक को दी थी। प्रत्यर्थी-केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना से व्यथित हुए अपीलार्थी-आवेदक ने प्रस्तुत अपील की है, जो दिनांक 27.06.2015 की है और जिसे केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी की टिप्पणियों सहित दिनांक 23.07.2015 को मेरे समक्ष रखा गया है ।

त्रि.ना.तिवारी

8/c

2. मैंने अपील के ज्ञापन और उस पर केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा दी गई सूचना और साथ में फाइल में रखे गए रिकार्ड का अवलोकन कर लिया है और उसके बाद मेरी यह राय है कि अपीलार्थी -आवेदक द्वारा मांगी गई सूचना दरअसल कानूनी सलाह /राय मांगने जैसी है और वह सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 2(च) के अधीन दी गई "सूचना" की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आती है। अत: मैं, सामान्यत: प्रत्यर्थी-केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा उनके दिनांक 11.06.2015 के पत्र के तहत दी गई सूचना से सहमत हूं । इसलिए प्रस्तुत अपील में अब कुछ सार नहीं है और वह खारिज किए जाने योग्य है ।

3. अपील खारिज की जाती है ।

4. माननीय केंद्रीय सूचना आयोग, द्वितीय तल, अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा पैलेस, नई दिल्ली - 110066 द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी हैं ।

त्रि॰ना॰तिवारी
**(टी0एन0तिवारी)**
अपर सचिव एवं प्रथम अपील प्राधिकारी

<u>प्रतिलिपि प्रेषित</u> :

1. श्री सतपाल, अध्यक्ष, पठानकोट जिला डिपो होल्डर वेलफेयर सोसायटी, दुकान सं0 412, बस स्टैंड के सामने, गुरुदासपुर रोड, पठानकोट 145001 **(स्पीड पोस्ट से)**
2. श्री के0 गिनखन थंग,केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी, विधि कार्य विभाग, "ए" विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली ।
3. श्री पी0आर0 रामनाथन, अनुभाग अधिकारी, कार्यान्वयन कक्ष, विधि कार्य विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली ।